Sarvoday Dairy, Bihta

मेरा नाम अरबिन्द कुमार है। मैं सर्वोदय नगर, बिहटा, पटना का निवासी हूँ। मैं दूध से जुड़े व्यवसाय में अपना कैरिय बनाना चाहता था परन्तु पर्याप्त पैसे के अभाव में इसे जीवंत रूप नहीं दे पा रहा था। विशेषकर मैं दूध से खोवा का व्यापार करना चाहता था। जिसके लिए बड़े संयंत्र की आवश्यकता थी तथा मैं ऋण लेने के लिए बिहटा प्रखण्ड के तीन - चार बैंको के दरवाजे खटखटाया परन्तु सफलता नहीं मिली।

उसके बाद मुझे प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के बारे में इंडियन ओवरसीज बैंक, बिहटा के शाखा प्रबंधक के द्वारा जानकारी प्राप्त हुई। मैं पूर्व से ही दूध के व्यवसाय से जुड़ा हुआ हूँ तथा मैं अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने हेतु शाखा प्रबंधक से संपर्क किया तो उन्होंने इस योजना इस योजना के बारे में बताया और फिर इस योजना के लिए संसधान सेवी श्री संतोष कुमार जी से संपर्क

कराया। इस योजना के जुडने के लिए DRP के द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई तथा दूध से खोवा तैयार करने हेतु परियोजना प्रतिवेदन तैयार किया गया तथा उसको जिला उद्योग केंद्र के स्वीकृत कराया गया। शाखा प्रबंधक को भी परियोजना प्रतिवेदन से संबंधित पहलुओं के बारे में जानकारी दी गई तथा मेरे ऋण को स्वीकृत करने में मदद किया गया। मेरा कुल ऋण 990000.08 रुपए स्वीकृत हुआ जो कि केवल टर्म लोन है।

इस व्यवसाय हेतु ऋण प्राप्त होने के बाद मैंने दूध से खोवा निर्माण हेतु एक बड़ा प्लांट लगाया, जिसमे मुझे पहले के मुकाबले 5 गुणा व्यवसाय मे फायदा हो रहा है और मैंने बिहटा प्रखण्ड में सर्वोदय डेयरी का 10 फ्रेंचाईजी आउटलेट भी खोल दिया है।